झारखण्ड सरकार,
कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग।

## प्रेस विज्ञप्ति

झारखंड सचिवालय सेवा के तहत सहायक के पद पर सीधी नियुक्ति हेतु संयुक्त सचिवालय सेवायें प्रतियोगिता परीक्षा, 2012 के आधार पर 575 सफल एवं झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा अनुशंसित अभ्यर्थियों की नियुक्ति प्रक्रियाधीन है, जिनकी सूची आरक्षण कोटिवार झारखंड सरकार के वेबसाइट jharkhand.gov.in → Department of Personnel, Administrative Reforms and Rajbhasha → Departmental Publications पर उपलब्ध है। नियुक्ति से पूर्व अनुशंसित अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों (शैक्षणिक योग्यता, आवासीय, जाति एवं निःशक्तजन प्रमाण पत्र) की जांच की जानी है। प्रमाण पत्रों की जांच का कार्यक्रम निम्नवत निर्धारित किया गया है :–

| क्र॰ सं॰ | तिथि | प्रथम पाली<br>पूर्वाहन 10.00 से अपराहन 1.00 बजे | द्वितीय पाली<br>अपराहन 2.00 बजे से 5 बजे तक |
|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 |
| 1 | 10.05.2013 | अ0ज0जा0 कोटि के अंतर्गत अनुशंसित सभी अभ्यर्थी (कुल संख्या–214) | अ0जा0 / पिछड़ा वर्ग (अनुसूची I) / अत्यंत पिछड़ा वर्ग (अनुसूची II) के अधीन अनुशंसित सभी अभ्यर्थी (कुल संख्या–68) |
| 2 | 11.05.2013 | मुख्य परीक्षा रौल नम्बर 140012 से 240585 के बीच अनारक्षित कोटि में अनुशंसित अभ्यर्थी (कुल संख्या–147) | मुख्य परीक्षा रौल नम्बर 240597 से 441165 के बीच अनारक्षित कोटि में अनुशंसित अभ्यर्थी (कुल संख्या–146) |

अतः एतद द्वारा संयुक्त सचिवालय सेवायें प्रतियोगिता परीक्षा, 2012 के आधार पर सहायक के पद पर नियुक्ति हेतु सफल अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उक्त निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विहित तिथि एवं समय पर शहीद मैदान, धुर्वा, रांची के निकट स्थित मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड सरकार के कार्यालय में अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं आयोग द्वारा आयोजित मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होने संबंधी निर्गत प्रवेश पत्र की मूल प्रति के साथ उपस्थित हों।

(योगेन्द्र दूबे)
सरकार के अवर सचिव।